सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7669	22.08.2023	22.08.2023	Hoshangabad Madhya Pradesh	www.naidunia.com/Hindi https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/itarsi-itarsi-news-i-flu-decreased-seasonal-diseases-increased-number-of-patients-crossed500-8213517
Title:	**Seasonal diseases increased 500 cases in Itarsi, in district Hoshangabad, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Hoshangabad, SSU- Madhya Pradesh			

मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव की वजह से सर्दी-खांसी बुखार का प्रकोप बढ़ रहा है। आलम यह है कि सरकारी अस्पताल में मरीजों को पंजीयन के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। बाह्य रोगी विभाग में रोजाना करीब 500 मरीजों का पंजीयन हो रहा है। चिकित्सकों की कमी होने के कारण चैंबर के बाहर भी मरीज अपनी बारी के इंतजार में खड़े होने को मजबूर हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है, खास तौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसका शिकार होते हैं। बीमारियों से बचाव के लिए संतुलित आहार का सेवन एवं स्वच्छता का ख्याल रखना बेहद जरूरी है।

441 प्रकार की दवाओं का स्टाक

मध्य प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य नीति के तहत अब सरकारी अस्पतालों में 441 प्रकार की दवाओं का वितरण निश्शुल्क किया जा रहा है, पहले सूची में 273 प्रकार की दवाएं शामिल थीं, लेकिन अब लगभग हर तरह की दवा अस्पताल में मिल रही है, यही वजह है कि पहले की बजाए अब सरकारी अस्पताल में मरीजों का भरोसा बढ़ा है, दवाएं मुफ्त मिलने से मरीज यहां आ रहे हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आई फ्लू के मामले घट रहे

अस्पताल अधीक्षक डा. आरके चौधरी ने बताया कि **मौसम** परिवर्तन के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं, पिछले दिनों तक आई फ्लू का संक्रमण तेजी से बढ़ा, जिसमें लगभग हर घर के सदस्यों को 6-7 दिनों तक इस संक्रमण से जूझना पड़ा, अब इस तरह के मामले घट रहे हैं, लेकिन सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी दस्त के मामले बढ़ गए हैं। सिरदर्द, बदन दर्द से ग्रसित मरीजों की संख्या ज्यादा है, वायरल फीवर का संक्रमण भी बढ़ रहा है।

मरीजों का आंकड़ा 500 पार

सामान्य दिनाेंं में औसतन 250 मरीज यहां आते थे, लेकिन अब पंजीयन संख्या का आंकड़ा 500 पार कर रहा है। सुब 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए मरीजों की भीड़ लगी रहती है।
शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विवेकचरण दुबे ने बताया कि इस मौसम में बच्चों को भी सर्दी, खांसी, बुखार जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ रहा है, बुर्जुग और नवजात बच्चों की देखभाल में किसी तरह की लापरवाही नहीं करना चाहिए।

गंदगी से मरीज परेशान

सरकारी अस्पताल परिसर में **बारिश** के दौरान जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, मरीजों के इलाज में उपयोग आने वाले उपकरण, पट्टी और मेडिकल वेस्ट खुले परिसर में फेंका जा रहा है, वहीं परिसर के आसपास गंदगी ज्यादा है। नगर पालिका यहां कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं कराती है। परिसर में पुराने खंडहर भवनों के आसपास भी झाड़ियां फैली हुई हैं, जगह-जगह पानी के डबरे भरे हुए हैं। परिसर में पानी की निकासी के लिए बेहतर ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण यहां स्वच्छता व्यवस्था बिगड़ रही है।